20 -10-2026_Layout 1 22-10-2026 00:42 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

*** अनमोल वचन ***

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 279 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, वीरवार 22 अक्तूबर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

INNOCENT HEARTS SCHOOL
Learning Today... Leading Tomorrow !
Nursery to Grade-12
(Affiliated to CBSE)
1800 833 4600 www.innocenthearts.in

ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28
NURSERY, LKG & UKG
REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026
*Seat availability as per the vacancy at respective campuses
Our Campuses in Jalandhar*
GMT Green Model Town | LOHARAN Nakodar Road | DIWALI Cantt.- Jandiala Road
NOORPUR Pathankot Road | KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road



परविंदर झोटा हत्याकांड में पत्नी मनप्रीत कौर का बड़ा बयान, जो भी फैसला होगा संगत के साथ लिया जाएगा

जालंधर सिटी लाइव

एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। सीबीआई जांच के बीच मृतक की पत्नी मनप्रीत कौर ने एक अहम बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा है कि परविंदर सिंह का पार्थिव शरीर पिछले 9 दिनों से मोर्चरी में रखा हुआ है और पोस्टमार्टम को लेकर जो भी फैसला लिया जाएगा, वह पूरी तरह से 'संगत' (समर्थकों और समाज) से विचार-विमर्श करने के बाद ही किया जाएगा। मनप्रीत कौर ने कहा कि सीबीआई से मुलाकात करना इस जांच प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा था, लेकिन परिवार हर कदम उठाने से पहले समाज और कमेटी को भरोसे में लेना चाहता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पोस्टमार्टम करवाने में अत्यधिक देरी हुई, तो समय-सीमा निकल जाने के कारण साइंटीफिक और मेडिकल सबूत खत्म हो सकते हैं, जिससे केस कमजोर पड़ सकता है।

एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड में नया मोड़



आरोपी की दुकान गिराए जाने पर उठाए सवाल

प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मनप्रीत कौर ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी परिवार की इच्छा के विरुद्ध जाकर आरोपी की दुकान को गिरा दिया गया था। उस दुकान के अंदर हत्या से जुड़े कई अहम और पुख्ता सबूत मौजूद थे, जिन्हें कार्रवाई के नाम पर मिटा दिया गया। अगर अब भी सही समय पर सख्त और स्पष्ट कदम नहीं उठाए गए, तो न्याय मिलना मुश्किल हो जाएगा।

मूसेवाला के पिता ने झोटे के परिवार को दी नसीहत

जालंधर सिटी लाइव

परविंदर सिंह झोटा के परिवार के समर्थन में पहुंचे सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सरकार की ओर से किए गए वादों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बेटे की हत्या के बाद अमित शाह ने उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिला। बलकौर सिंह के मुताबिक, जांच के नाम पर उन्हें केवल आश्वासन ही मिलते रहे हैं। परविंदर के परिवार के साथ पुराने संबंध हैं। उन्होंने खुलासा किया कि साल 2008 में वह और झोटा भारतीय दंड संहिता की धारा 307 से जुड़े एक मामले में साथ जेल में रहे थे। जब भी उनके बेटे मूसेवाला को परेशानी होती थी, तो झोटा उनकी मदद के लिए तुरंत पहुंच जाता था। तभी इस मुश्किल समय में झोटा के परिवार के साथ खड़े हैं। धरने में शामिल बलकौर सिंह ने झोटा के पिता भीम सिंह को सलाह दी कि बेटे को खोने के बाद उन्होंने जिन गलतियों का सामना किया, वैसी गलतियां वह न करें। उन्होंने कहा कि दुख और तनाव की इस स्थिति में परिवार के लिए सोच-समझकर निर्णय लेना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरूरी है कि परिवार को इस दौरान उचित सहयोग मिले और कोई भी कदम उठाने से पहले हर पहलू पर विचार किया जाए। बलकौर सिंह ने परविंदर झोटा के परिवार के समर्थन में आगे आने वाली सभी जत्थेबंदियों का आभार जताया।

बोले- जो गलतियां मैंने की, आप मत करना



अमित शाह से मुलाकात और आश्वासनों का किया जिक्र

बलकौर सिंह ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की जांच को लेकर अमित शाह के साथ हुई अपनी मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस दौरान उन्हें जांच को लेकर कई आश्वासन दिए गए थे। मामले की जांच विशेष जांच टीम (स्ड्ढञ्ज) और एक रिटायर्ड जज के माध्यम से कराने की बात कही गई थी। इसके अलावा, नार्को टेस्ट कराने का भरोसा भी दिया गया था। इन आश्वासनों के बावजूद उन्हें अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं मिला है।

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
> FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
> FREE SPORTS & GYM FACILITIES <
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

अब भारी बारिश में भी नहीं डूबेगा लम्मा पिंड

नॉर्थ हलका इंचार्ज वनीत धीर ने शुरू कराया स्ट्रॉम सीवरेज प्रोजेक्ट

- च ा स्वीट्स से लम्मा पिंड तक करीब एक किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछेगी, जलभराव की दशकों पुरानी समस्या होगी दूर: मेयर विनीत धीर
- दशकों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों ने मेयर का जताया आभार, इलाके में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/सिद्धू: लम्मा पिंड में अब थोड़ी सी बारिश होने पर जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना नहीं पड़ेगा और भारी बारिश के दौरान भी इलाके को डूबने से बचाने में मदद मिलेगी। इस दिशा में बड़ी पहल करते हुए मेयर विनीत धीर और हलका इंचार्ज जालंधर नॉर्थ ने आज लम्मा पिंड में स्ट्रॉम सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन बिछाने के काम की शुरुआत करवाई। इस परियोजना से इलाके में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। मेयर विनीत धीर और हलका इंचार्ज जालंधर नॉर्थ ने बताया कि चड्ढा स्वीट्स शॉप से लम्मा पिंड तक करीब एक किलोमीटर के क्षेत्र में स्ट्रॉम सीवरेज की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी की निकासी को बेहतर बनाना और जलभराव के कारण स्थानीय निवासियों को होने वाली परेशानियों से राहत दिलाना है। पाइपलाइन बिछने से बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे लोगों के घरों और दुकानों में पानी भरने की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना और उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। शहर के जिन इलाकों में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या सामने आती है, वहां निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लम्मा पिंड में शुरू किया गया यह प्रोजेक्ट भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता निर्मलजीत सिंह निम्मा ने कहा कि लम्मा पिंड के निवासी कई दशकों से जलभराव की गंभीर समस्या का सामना कर रहे थे। हर बार बारिश के दौरान लोगों के घरों और मकानों तक में पानी भर जाता था, जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण लोगों को हर बरसात में नुकसान और असुविधा का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि मेयर विनीत धीर द्वारा जालंधर नॉर्थ हलके की जिम्मेदारी संभालने के बाद इलाके की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों में तेजी आई है। अब क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्ट्रॉम सीवरेज परियोजना पूरी होने के बाद लम्मा पिंड के निवासियों को जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद रोशन लाल, जोगिंदर पाल शर्मा, अजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, सुरिंदर सिंह कैरों, पूर्व पार्षद राजविंदर सिंह राजा, पूर्व पार्षद माइक खोसला, गुरबाज सिंह और छठी पातशाही गुरुद्वारा के प्रधान जोगा सिंह सहित अन्य इलाका निवासी मौजूद रहे। इन इलाका निवासियों ने इस महत्वपूर्ण समस्या के समाधान की दिशा में कदम उठाने के लिए मेयर विनीत धीर और आम आदमी पार्टी की टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का समाधान होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

पाकिस्तान के पंजाब में बड़ा हादसा

बस पलटने से 11 लोगों की मौत, 30 से अधिक घायल



जालंधर सिटी लाइव

इस्लामाहाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को एक तेज गति से गुजर रही बस डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई, जिससे कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई और 30 से अधिक व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, बस कराची से पंजाब के डेरा गाजी खान जिले जा रही थी। इसी दौरान लाहौर से करीब 500 किलोमीटर दूर राजनपुर में यह हादसा हुआ। पाकिस्तान की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा %रेस्क्यू 1122% के एक प्रवक्ता ने बताया कि दुर्घटना राजमार्ग के उस हिस्से पर हुई, जहां निर्माण कार्य चल रहा था। प्रवक्ता ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि हादसे की वजह बस की तेज गति मानी जा रही है। उन्होंने बताया कि, तेज गति से गुजर रही बस डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई, जिससे कई यात्री बस में फंस गए और घायल हो गए। आठ यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।÷ घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई गई है। बचाव सेवा के एक अधिकारी के अनुसार, 19 घायल यात्रियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि मामूली रूप से घायल 12 अन्य लोगों को घटनास्थल पर ही चिकित्सा सहायता दी गई। हादसे में जान गंवाने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बचाव दल ने उनके शवों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया और अधिकारियों को घायलों का सर्वोत्तम संभव इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

पंजाब में रोडवेज कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, मुसाफिर रहे परेशान

निराश होकर प्राइवेट बसों का सहारा लेना पड़ रहा, 7-8 मीटिंग होने के बाद भी नहीं निकल पाया समाधान, हर बार सरकार समय मांगकर मामले को टाल देती

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में रोडवेज, PRTC और पनबस के कच्चे कर्मचारियों ने 21 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया है।

सरकारी बसों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर मुसाफिरों को निराश होकर प्राइवेट बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। हड़ताल के कारण बस सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। रोजाना काम पर जाने वाले कर्मचारियों और अन्य यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

7-8 मीटिंग के बाद भी नहीं मिला कोई नतीजा : पंजाब रोडवेज, PRTC कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन पंजाब के प्रधान रेशम सिंह गिल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार के साथ कई बार बैठकें हो चुकी हैं। हर बार सरकार कुछ दिनों का समय मांगकर मामले को टाल देती है। पिछले 6 महीने में 7 से 8 मीटिंग हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। इसी कारण कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का फैसला लिया है।



सीएम ने अभी तक मामले पर कार्रवाई नहीं की : यूनियन प्रधान रेशम सिंह गिल ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा था कि ठेकेदारों को बीच से हटा कर कर्मचारियों को सीधे सरकार के अधीन लाया जाएगा पर यूनियन का दावा है कि अभी तक इस संबंध में उम्मीद के अनुसार कार्रवाई नहीं हुई। सरकार को साफ नोटिफिकेशन जारी करना चाहिए, जिसके जरिए ठेकेदारों और बिचौलियों की भूमिका खत्म को कर्मचारियों को सीधे डिपार्टमेंट के अधीन कर दिया जाएगा।

CMYK

20 -10-2026_Layout 1 22-10-2026 00:42 Page 2

जालंधर में डीजीपी गौरव यादव ने शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादलः जालंधर के पंजाब आर्म्ड पुलिस (PAP) कॉम्प्लेक्स स्थित चमन ग्राउंड में बुधवार को 67वें पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव शामिल हुए। उन्होंने देश की सुरक्षा और पंजाब में शांति बनाए रखने के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने देश की सुरक्षा और समाज की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस अपनी दिलेरी, बहादुरी और कार्यक्षमता के लिए पूरे देश में जानी जाती है। सितंबर 1981 से अगस्त 2026 तक पंजाब पुलिस के

■ पुलिस स्मृति दिवस वीर जवानों के प्रति सम्मान व कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर

1804 अधिकारी और जवान देश तथा राज्य की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर चुके हैं। वर्ष 2026 में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए गुरदासपुर जिले के एएसआई गुरनाम सिंह और अमृतसर जिले के एएसआई जोगा सिंह को भी श्रद्धांजलि दी गई। पंजाब पुलिस शहीद जवानों के परिवारों के साथ एक परिवार की तरह खड़ी रहेगी और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। 16 मार्च 2022 से अब तक ह्रष्टक्क एक्ट के तहत 95,000 से अधिक स्नढ्ढक्र दर्ज की गई हैं और एक लाख से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान

बोले- पंजाब पुलिस के 1804 जवानों ने दिया बलिदान





7,200 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद करने का दावा किया गया है। डीजीपी ने बताया कि नशा तस्करी से जुड़े मामलों में लगभग 902 करोड़ रुपये की संपत्ति फ्रीज की गई है। उन्होंने कहा कि ह्रष्टक्क एक्ट के मामलों में पंजाब पुलिस की दोषसिद्धि दर लगभग 90 प्रतिशत है। पुलिस का लक्ष्य केवल नशा तस्करों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि नशे के कारोबार की जड़ों को कमजोर करना भी है। डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार ने नशे के खिलाफ 60 दिन का विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में फिल्लौर में हुई उच्चस्तरीय बैठक में जिला अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक हॉटस्पॉट के लिए पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना भी है। इसके लिए खेल मैदान विकसित करने, स्ट्रीट लाइट लगाने, ष्टष्ठङ्कड्ड कैमरे स्थापित करने और नशे की लत से प्रभावित लोगों के पुनर्वास तथा नशामुक्ति पर भी ध्यान दिया जाएगा। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की स्थापना 6 अप्रैल 2022 को की गई थी। इसके बाद से 3,326 सदस्यों को गिरफ्तार करने और 1,288 गैंगस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई के दौरान 2,507 हथियार और 62 वाहन बरामद किए गए। डीजीपी ने यह भी बताया कि जनवरी 2026 से गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों के तहत गिरफ्तारियां और

■ 3,326 सदस्य गिरफ्तार करने और 1,288 गैंगस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है

बरामदगी की गई हैं। पंजाब पुलिस संगठित अपराध को रोकने और गैंगस्टरों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। आंतरिक सुरक्षा के संबंध में डीजीपी ने बताया कि पंजाब पुलिस ने 86 आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने और 660 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। उनके अनुसार, इन कार्रवाइयों के दौरान 88 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (ढ्ढश्वष्ठ), 131 हैंड ग्रेनेड, 28 किलोग्राम ऋष्ठङ्क और छह रॉकेट लॉन्चर बरामद किए गए। क्कस्स और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकवाद, नशा तस्करी और नार्को-टेररिज्म के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखना पुलिस की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने, सॉफ्टवेयर विकसित करने और साइबर अपराध से निपटने की क्षमता बढ़ाने के लिए 1,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते नए साइबर पुलिस स्टेशनों को अधिसूचित करने और जांच व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। पंजाब पुलिस शहीद जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए देश और समाज की सेवा के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ काम करती रहेगी।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में बड़ा खुलासा

अमिताभ-सलमान समेत कई सितारे थे निशाने पर

जालंधर सिटी लाइव

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने इससे पहले बिहार के ऋतिक और हरियाणा के रेहान व फूल सिंह को कोटा से गिरफ्तार किया था। अब गिरफ्तार किए गए चार अन्य आरोपियों की पहचान हरियाणा के कुणाल और सुमित तथा उत्तर प्रदेश की राधा और बबीता के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इन पर फायरिंग करने वाले आरोपियों को हथियार मुहैया कराने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने टाइगर श्रॉफ से पहले अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान और अक्षय कुमार समेत कई बड़े बॉलीवुड सितारों की रेकी की थी। लेकिन इन सितारों की सुरक्षा ज्यादा होने के कारण आरोपियों ने अपना प्लान बदल दिया। बाद में उन्होंने टाइगर श्रॉफ को निशाना बनाया।



टाइगर सुरक्षित रहे, ड्राइवर को आईं चोटें

बता दें, 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में फुटबॉल खेलकर लौट रहे टाइगर श्रॉफ की कार पर बाइक सवार हमलावरों ने फायरिंग की थी। इस हमले में टाइगर सुरक्षित रहे, जबकि उनके ड्राइवर को चोटें आईं। टाइगर खुद अपने ड्राइवर को अस्पताल लेकर गए थे। हमले के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी टाइगर श्रॉफ से उनके घर जाकर मुलाकात की थी। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को करीब एक महीने पहले मुंबई भेजा गया था। उन्होंने अभिनेताओं के घरों की रेकी की और वीडियो बनाकर अपने संपर्क में मौजूद व्यक्ति को भेजे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि हमले में शामिल आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था। बताया जा रहा है कि वह हमले से एक रात पहले सिगरेट पीने के बहाने होटल से फरार हो गया था।

दिल्ली हवाई अड्डे पर पंजाब सीएम पर कस्टम कार्रवाई, 3 घंटे इंतजार के बाद लगा जुर्माना

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पेरिस से लौटने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग तीन घंटे तक इंतजार कराया गया और बाद में उन पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस घटना ने पार्टी और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के बीच राजनीतिक विवाद को जन्म दिया है। पंजाब आम आदमी पार्टी के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने बताया कि मुख्यमंत्री मान को इस बहाने से इंतजार कराया गया कि उनका सामान नहीं आया है या अभी भी उसकी जांच चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब मुख्यमंत्री हवाई अड्डे से निकलने की तैयारी कर रहे थे, तब अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया



और बताया कि उन पर ऊपर से भारी दबाव है। आप ने इस घटना को मुख्यमंत्री को अपमानित करने और राज्य की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास बताया। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने शुरुआत में 50,000 रुपए के चालान के आधिकारिक कारणों को स्पष्ट नहीं किया। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सीमा शुल्क विभाग ने कथित तौर पर अघोषित विलासिता वस्तुओं के लिए 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने दावा किया कि मान और उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर से सामान या अन्य वस्तुओं से संबंधित कथित उल्लंघनों के सिलसिले में सीमा शुल्क अधिकारियों ने पूछताछ की। ये दावे अपने आप में कार्रवाई की परिस्थितियों या कानूनी आधार को साबित नहीं करते हैं। मान 17 से 21 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय खाद्य व्यापार प्रदर्शनी एसआईएलएल पेरिस 2026 में पंजाब के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पेरिस गए थे। राज्य प्रतिनिधिमंडल पंजाब राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (मार्कफेड के नाम से लोकप्रिय) से संबद्ध था। इस यात्रा के दौरान, मान ने पंजाब के उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार का विस्तार करने के प्रयासों के तहत डिब्बाबंद चना और लाल राजमा सहित राज्य के सोहना ब्रांड के उत्पादों का प्रचार किया। आप नेताओं ने हवाई अड्डे की घटना को मान की विदेश यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी को लेकर पहले हुए खींचतान से जोड़ा। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने मंजूरी से इनकार को रद्द कर दिया था और विदेश यात्रा की अनुमति दे दी थी। पन्नू ने केंद्र पर मान के विदेश कार्यक्रमों में बार-बार बाधा डालने का आरोप लगाया और हवाई अड्डे पर हुई कथित देरी और जुर्माने को पंजाब के प्रति व्यापक राजनीतिक शत्रुता का हिस्सा बताया।





20 -10-2026_Layout 1 22-10-2026 00:42 Page 3

जालंधर में कंफेक्शनरी की दुकान में लगी भीषण आग, 8 से 10 लाख रुपए का नुकसान

घटना के बाद दुकानदार ने फायर ब्रिगेड पर गंभीर आरोप लगाए हैं

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर के बस्ती शेख में कंफेक्शनरी की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। इस घटना के बाद पीड़ति दुकानदार ने फायर ब्रिगेड पर गंभीर आरोप लगाए हैं और प्रशासन से मुआवजे की मांग भी की है। वहीं पीड़ति दुकानदार के आरोपों पर फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिलने के साथ ही वह गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। जनता कुछ भी कह सकती है, लेकिन उन्होंने दूसरी गाड़ी मंगवाकर आग पर काबू पा लिया था। दुकान के अंदर पटाखे भी रखे थे, जिनके



फटने से आग और भड़क गई। पीड़ति दुकानदार सौरव भुल्लर ने बताया कि उन्होंने इसी साल 17 जुलाई को भोला मिल्क बार एंड कंफेक्शनरी की दुकान को खरीदा था। दुकान के पिछले हिस्से में पानी और कोल्ड ड्रिंक्स की 200 से 250 पेटियां और चिप्स आदि का सामान रखा हुआ था। आग लगने के कारण सारा सामान जलकर खाक हो गया है, जिस कारण लगभग 8 से 10 लाख रुपये का नुकसान हो चुका है।

फायर ब्रिगेड पर देरी से पहुंचने के आरोप

पीड़ति दुकानदार ने कहा कि अगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी टाइम पर आ जाती तो नुकसान कम हो सकता था। वहीं दुकानदार के भाई ने शक जताया है कि पीछे की खिड़की की तरफ से किसी तार आदि से बांधकर कोई शरारत की गई होगी। आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएं। प्रशासन से मांग की है कि समय पर मदद न पहुंचने और हुए भारी नुकसान का मुआवजा दिया जाए तथा इस पूरे हादसे की निष्पक्ष और गहराई से जांच की जाए

जालंधर में संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत, परिजनों ने लगाए हत्या करने के आरोप

- डेढ़ साल से बीमार, मार्किट में नान की रेहड़ी लगाता था

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर के दिलकुशा मार्किट में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान 40 साल के खेमचंद उर्फ सोनू के रूप में हुई है, जो अली मोहल्ला का रहने वाला बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या के आरोप लगाए हैं। वहीं जांच अधिकारी ने कहा कि लोगों से पूछताछ में पता चला सोनू शराब पीने का आदी था और वह घर नहीं जाता था। सोनू मार्किट में नान की रेहड़ी पर काम करता था। सोनू का शव कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चुरी

सोनू शराब पीने का आदी था और वह घर नहीं जाता था



में रखवाया जा रहा है। परिजनों के बयान दर्ज करके बनती कार्रवाई की जाएगी। वहीं व्यक्ति ने कहा कि सोनू को 2 दिन पहले वह रोटी देने के लिए गया था और इस दौरान उसने और सिर में दर्द होने की बात कही थी। ऐसे में उसने रोटी खिलाने की कोशिश की और वह दर्द से चिल्लाने लगा। पर झगड़े के बारे में कुछ नहीं पता। आज जब सुबह छत पर गया तो देखा कि सोनू का शरीर ठंडा पड़ा हुआ था। ऐसे में वह उसे अस्पताल ले जाने के लिए लोगों की मदद मांगने लगा तो पता चला कि उसकी मौत हो गई।

रेहड़ी चालक पर पिटाई करने के आरोप

वहीं मृतक सोनू के भाई ने कहा कि रेहड़ी चालक ने उनसे कहा कि सीढ़ियों से गिर गया और उसकी मौत हो गई। लोगों से पूछताछ के दौरान पता चला कि उसकी सोमवार को ही मौत हो गई। परिजनों ने सोनू की मौत का जिम्मेदार रेहड़ी चालक को ठहराया है। रेहड़ी चालक ने उसकी बेरहमी से पिटाई की थी। ऐसे में परिवार ने प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाई है।

महिलाओं पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे अकाली नेता सिकंदर मलूका, महिला आयोग ने किया तलब

डीजीपी गौरव यादव को पत्र लिखकर मामले की जांच करवाने के निर्देश दिए

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब के पूर्व मंत्री और शिरोमणि अकाली दल के नेता सिकंदर सिंह मलूका की महिलाओं को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणी पर विवाद बढ़ गया है। पंजाब राज्य महिला आयोग ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को पत्र लिखकर मामले की जांच करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 23 अक्टूबर तक जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। आयोग ने मलूका को भी अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया है। महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने बताया कि सिकंदर सिंह मलूका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक



पत्रकार मावां-धीयां योजना को लेकर उनसे सवाल करता दिखाई देता है। आयोग का कहना है कि जवाब में मलूका की ओर से की गई टिप्पणी महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है। वीडियो सामने आने के बाद मामला राजनीतिक और सामाजिक चर्चा का विषय बन गया। चेयरपर्सन राज लाली गिल ने कहा कि सिकंदर सिंह मलूका को महिलाओं के प्रति की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। अगर मलूका आयोग के समक्ष पेश नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। महिलाओं के प्रति इस तरह की टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब पुलिस की जांच और आयोग के समक्ष मलूका के पक्ष को अहम माना जा रहा है।

मावां-धीयां योजना पर सवाल के जवाब में की थी टिप्पणी

विवाद की शुरुआत उस समय हुई, जब एक पत्रकार ने सिकंदर सिंह मलूका से पंजाब सरकार की मावां-धीयां योजना के तहत महिलाओं के खातों में 1,000-1,000 रुपये देने और बस किराया माफ करने के मुद्दे पर सवाल किया। पत्रकार ने कहा था कि साल 2027 में उनकी सरकार महिलाओं के समर्थन से बनेगी। इसी सवाल के जवाब में मलूका ने कथित तौर पर महिलाओं के सम्मान को लेकर विवादित टिप्पणी की।

कोलकाता एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की कार्रवाई

1.13 करोड़ से ज्यादा की विदेशी मुद्रा जब्त

जालंधर सिटी लाइव

कोलकाता। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएससीबीआई) पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो यात्रियों के हैंड बैगेज से लगभग 1.14 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा जब्त की है। दरअसल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएससीबीआई) पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने दो यात्रियों के हैंड बैगेज में छिपाई गई लगभग 1.14 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा का पता लगाया। अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल सिक्योरिटी होल्ड एरिया (आईटीबी एसएचए) में सुरक्षा जांच के दौरान ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ के जवान ने बैंकॉक जाने वाली भूटान एयरलाइंस

फजिकल जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों ने दो बैगों के निचले हिस्से में छिपाई गई 1,19,900 अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) की विदेशी मुद्रा बरामद की, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 1,13,64,002 के बराबर



की उड़ान बी3700 के दो यात्रियों के हैंड बैगेज के एक्स-रे स्कैन में कुछ संदिग्ध तस्वीरें दिखीं। इसके बाद यात्रियों के सामान को फिजिकल चेकिंग के लिए भेजा गया। बाद में की गई फिजिकल जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों ने दो बैगों के निचले हिस्से में छिपाई गई 1,19,900 अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) की विदेशी मुद्रा बरामद की, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 1,13,64,002 के बराबर है। यह विदेशी मुद्रा अखबार में लपेटी हुई थी। कुल बरामद राशि में से 74,900 यूएसडी एक यात्री के हैंड बैगेज से, जबकि 45,000 यूएसडी दूसरे यात्री के बैग से मिले। सीआईएसएफ ने निर्धारित औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, दोनों यात्रियों और बरामद विदेशी मुद्रा को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) को सौंप दिया। मंगलवार को जिस यात्री के बैग से 74,900 यूएसडी बरामद हुए थे, उसे एआईयू/सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय ले जाया गया। वहीं, दूसरे यात्री को सीमा शुल्क विभाग ने 45,000 यूएसडी के लिए एक जब्ती रसीद जारी करने के बाद छोड़ दिया। यह घटना सुरक्षा जांच के दौरान संदिग्ध सामान की पहचान करने में सीआईएसएफ कर्मियों की सतर्कता और मुस्तैदी को दर्शाती है।





20 -10-2026_Layout 1 22-10-2026 00:42 Page 4

'नितिन दे साथी' ने अनूठे 'ट्रैश-ए-थॉन' के जरिए जालंधर में पेश की मिसाल, युवाओं से जिम्मेदारी उठाने की अपील

जालंधर में दशहरे के बाद पहली बार आयोजित इस पहल में युवाओं और स्थानीय निवासियों ने स्वच्छता और पौधारोपण के लिए मिलकर किया काम; नितिन कोहली ने नागरिकों से आरोप-प्रत्यारोप का खेल छोड़कर अपने इलाकों में खुद पहल करने का आह्वान किया

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को वास्तविक कार्रवाई में बदलने वाली एक अनूठी पहल के तहत 'नितिन दे साथी' ने बुधवार को जालंधर में चौपाटी के पास आदर्श नगर पार्क में 'ट्रैश-ए-थॉन- द मॉर्निंग आफ्टर दशहरा' का आयोजन किया। आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल हलका इंचार्ज नितिन कोहली के नेतृत्व में आयोजित इस पहल में युवा स्वयंसेवकों और स्थानीय निवासियों ने सार्वजनिक स्थानों की सफाई करने और पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए हिस्सा लिया। इस पहल ने एक सरल लेकिन प्रभावशाली संदेश दिया- यदि हम स्वच्छ शहर चाहते हैं, तो हमें किसी और के कदम उठाने का इंतजार करने के बजाय खुद जिम्मेदारी लेनी होगी।

नियमित जागरूकता अभियानों से आगे बढ़ते हुए इस पहल ने प्रतिभागियों को आगे आने और अपने आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने में सीधे योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। दशहरे के अगले दिन लोगों को एक साथ लाने की अनूठी सोच ने इस अभियान को खास बनाया। इसने एक बड़े त्योहार के बाद के समय को नागरिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्रवाई के अवसर में बदल दिया।

सुबह की सैर के लिए नियमित रूप से पार्क आने वाले लोग भी इस अभियान में शामिल हुए और उन्होंने इस प्रयास की सराहना की। उनकी भागीदारी ने दिखाया कि सार्थक बदलाव तब शुरू हो सकता है, जब नागरिक, खासकर युवा, उन सार्वजनिक स्थानों की जिम्मेदारी उठाने का फैसला करते हैं, जिनका वे हर दिन इस्तेमाल करते हैं।

नितिन कोहली ने युवाओं से आरोप-प्रत्यारोप का खेल छोड़ने की अपील की

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नितिन कोहली ने युवा स्वयंसेवकों, स्थानीय निवासियों और आयोजन टीम को उनके उत्साह और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस विचार को व्यावहारिक कार्रवाई में बदलने के लिए टीम की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहल समाज को बेहतर बनाने में युवाओं की रचनात्मक भूमिका को दर्शाती हैं।

नितिन कोहली ने कहा, ÷मैं इस अनूठी पहल की शुरुआत करने वाली पूरी आयोजन टीम को बधाई देता हूं और उन सभी युवा स्वयंसेवकों तथा स्थानीय निवासियों का धन्यवाद करता हूं, जो योगदान देने के लिए आगे आए। इस प्रयास की असली ताकत इसके संदेश में है। हम अक्सर कचरे, गंदगी और सार्वजनिक स्थानों की खराब स्थिति को लेकर शिकायत करते हैं, लेकिन हमें खुद से यह सवाल भी पूछना चाहिए कि इन्हें बेहतर बनाने के लिए हम क्या कर रहे हैं।हमारे युवाओं को जिम्मेदारी अपने हाथों में लेनी चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप के खेल में उलझने और हर समस्या के समाधान के लिए किसी और का इंतजार करने के बजाय हमें आगे आकर समाधान का हिस्सा बनना चाहिए। सरकारी एजेंसियों और सफाई कर्मचारियों की अपनी जिम्मेदारियां हैं, लेकिन नागरिकों की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। जब हम मिलकर काम करते हैं, तो एक छोटी-सी पहल भी सार्थक प्रभाव पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान इस बात का उदाहरण है कि एक नया और रचनात्मक विचार लोगों को किसी सामाजिक उद्देश्य में भाग लेने के लिए प्रेरित कर सकता है, बजाय इसके कि वे केवल समस्याओं पर चर्चा तक सीमित रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, विचारों और उत्साह को ऐसे कार्यों की दिशा में लगाया जाना चाहिए, जो व्यापक समुदाय के लिए लाभदायक हों।

एक शुरुआत, न कि एक दिन का अभियान

इस पहल को अन्य समुदायों के लिए एक उदाहरण बनाने पर जोर देते हुए नितिन कोहली ने कहा कि इसका उद्देश्य केवल स्वच्छता अभियान आयोजित करना नहीं था, बल्कि अधिक से अधिक नागरिकों को अपने-अपने इलाकों में इसी तरह के कदम उठाने के लिए प्रेरित करना था।

उन्होंने कहा, ÷यह एक पहल, एक अनुभव और एक बड़े लक्ष्य की दिशा में उठाया गया एक छोटा-सा कदम था। लोगों को इससे प्रेरणा लेकर अपने मोहल्लों, पार्कों और स्थानीय इलाकों में इसी तरह की गतिविधियां आयोजित करनी चाहिए। हर क्षेत्र की अपनी चुनौतियां होती हैं और स्थानीय निवासी अक्सर उन चुनौतियों की पहचान करने तथा व्यावहारिक समाधान के लिए मिलकर काम करने की सबसे बेहतर स्थिति में होते हैं।

÷हमें आरोप-प्रत्यारोप के खेल से बाहर निकलकर ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी, जिसमें लोग अपने आसपास के वातावरण की जिम्मेदारी लें। यदि हर इलाका इस तरह की एक भी पहल करता है, तो सामूहिक रूप से इसका प्रभाव कहीं अधिक बड़ा हो सकता है। इसका उद्देश्य यह नहीं है कि हर कोई हमारा या किसी एक संगठन का इंतजार करे। उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक लोग आगे आएं, जिम्मेदारी उठाएं और जहां वे रहते हैं, वहां बदलाव लाएं।÷

इस अभियान ने समुदाय के नेतृत्व में होने वाली कार्रवाई के महत्व को रेखांकित किया और दिखाया कि स्थानीय स्तर पर शुरू की गई पहल दूसरे मोहल्लों के लिए भी एक उदाहरण बन सकती है। आयोजकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह प्रयास अधिक युवाओं और निवासियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इसी तरह के कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा।

दशहरे के बाद की अनूठी सोच ने जागरूकता को कार्रवाई में बदला

'ट्रैश-ए-थॉन- द मॉर्निंग आफ्टर दशहरा' के समय और इसकी अवधारणा ने इस अभियान को एक अलग पहचान दी। उत्सव तक ही ध्यान सीमित रखने के बजाय इस पहल ने नागरिकों को त्योहार के बाद सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान के साथ पौधारोपण को भी शामिल किया गया, जिससे तत्काल कार्रवाई के साथ-साथ हरित वातावरण के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा मिला। स्वयंसेवकों ने आदर्श नगर पार्क के आसपास के क्षेत्र को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया, जबकि सुबह की सैर करने वालों की भागीदारी ने साझा सार्वजनिक स्थानों के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारी के महत्व को और मजबूत किया।

इस पहल ने यह भी स्पष्ट किया कि नागरिक जिम्मेदारी किसी खास अवसर या अभियान तक सीमित नहीं है। पार्कों को साफ रखना, कचरे का उचित निपटान करना और हरियाली की रक्षा करना व्यक्तियों तथा समुदायों के निरंतर प्रयासों की मांग करता है।

'नितिन दे साथी' की आगे और सामुदायिक पहल करने की योजना

आयोजन टीम ने आने वाले दिनों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और अन्य सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित और कार्यक्रम आयोजित करने की योजनाओं की घोषणा की।

इसका उद्देश्य ट्रैश-ए-थॉन के अनुभव को आगे बढ़ाना और इस प्रयास को केवल एक कार्यक्रम तक सीमित रखने के बजाय लोगों की निरंतर भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। अधिक युवाओं और स्थानीय निवासियों को शामिल करके 'नितिन दे साथी' सक्रिय नागरिकता की ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहता है, जिसमें समुदाय स्थानीय समस्याओं की पहचान करें और उन्हें हल करने के लिए मिलकर काम करें।

आयोजकों ने जोर देकर कहा कि इस पहल को एक ऐसे उदाहरण के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसे दूसरे लोग अपने-अपने इलाकों के अनुसार अपनाकर दोहरा सकते हैं। इसका व्यापक उद्देश्य लोगों को केवल शिकायतें करने के बजाय रचनात्मक कार्रवाई के लिए प्रेरित करना और नागरिक भागीदारी को सामुदायिक जीवन का नियमित हिस्सा बनाना है।

पहल से जुड़े स्वयंसेवक

इस अवसर पर ख्याति कोहली, राकेश बेहल, सागर वालिया, गरविता कोहली, अंजलि बेहल, रिजुल कोहली, सिमरिता उप्पल, आकृति अरोड़ा, मोंटी मागो, सिमरदीप सिंह उप्पल, रिशव सहोता, नेहमत, आराध्या कोहली, जसकीरत, रोहन कोहली, अनुष मार्टिन, अनिरुद्ध मुर्रिया, आगमन बत्रा, नीरज शुभ, सनिध्या कोहली, ऋषभ जैन, मनप्रीत कौशल, शोभित खन्ना, कशिश गुप्ता, शौर्य कोहली और शुभकर्मन सिंह उपस्थित थे।

इस पहल के माध्यम से 'नितिन दे साथी' नागरिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने और अधिक लोगों को सामाजिक तथा पर्यावरण संबंधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहता है। आयोजकों ने कहा कि इस अनुभव से दूसरे समुदायों को भी इसी तरह के प्रयास शुरू करने और रोजमर्रा की नागरिक समस्याओं के लिए स्थानीय स्तर पर समाधान विकसित करने की प्रेरणा मिलनी चाहिए।

ट्रैश-ए-थॉन का संदेश स्पष्ट था- केवल शिकायतों से स्वच्छ शहर नहीं बनाया जा सकता। इसके लिए ऐसे नागरिकों की जरूरत है, जो जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हों, ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो विचारों को कार्रवाई में बदलें, और ऐसे समुदायों की जरूरत है, जो आरोप-प्रत्यारोप के बजाय भागीदारी को चुनें। जालंधर में एक पहल के रूप में शुरू हुआ यह प्रयास उन मोहल्लों के लिए एक मॉडल बन सकता है, जो व्यावहारिक रूप से बदलाव लाना चाहते हैं।

सीटी पब्लिक स्कूल में 'रास एंड रिदम डांडिया नाइट 2.0' की धूम

'सेम ट्रेडिशन्स, स्ट्रॉन्गर टुगेदर' थीम के तहत गरबा, डांडिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

जालंधर सिटी लाइव





जालंधरः सीटी पब्लिक स्कूल ने 'रास एंड रिदम डांडिया नाइट 2.0' का आयोजन 'सेम ट्रेडिशन्स, स्ट्रॉन्गर टुगेदर' थीम के तहत किया। कार्यक्रम में गरबा, डांडिया, संगीत, खेलों और पारंपरिक परिधानों ने उत्सव का माहौल बनाया। इस आयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में राजन स्याल की संगीत प्रस्तुतियों और 94.3 माय एफएम की आरजे दीपल की मनोरंजक प्रस्तुति ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मिसेज सीरत कौर चावला, ब्रांड एंबेसडर (मिसेज इंडिया एशिया 2025), मिसेज स्टाइल आइकन 2024 और मिसेज जालंधर क्वीन 2024, विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह में सीटी ग्रुप के चेयरमैन सरदार चरणजीत सिंह चन्नी, को-चेयरपर्सन श्रीमती परमिंदर कौर चन्नी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर सुश्री तनिका सिंह, वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह, को-वाइस चेयरपर्सन एडवोकेट मनजिंदर कौर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. नितिन टंडन और नॉर्थ कैंपस के कैंपस डायरेक्टर डॉ. अनुराग शर्मा उपस्थित रहे। स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री मनीषा बसने और किंडरगार्टन कोऑर्डिनेटर सुश्री सुमन भल्ला भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में बेस्ट ट्रेडिशनल अटायर (पुरुष एवं महिला), बेस्ट एथनिक कपल, बेस्ट हेयरस्टाइल, डांडिया दिवा, रंगीलो स्टाइल अवॉर्ड, बेस्ट बैंगल्स और बेस्ट डांडिया स्टिक्स जैसे विशेष खिताबों के माध्यम से प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। फूड स्टॉल, खेलों और आकर्षक पुरस्कारों ने आयोजन को और मनोरंजक बनाया। प्रिंसिपल मनीषा बसनेत ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन भारतीय परंपराओं को सहेजने के साथ परिवारों और समुदाय को जोड़ते हैं तथा नई पीढ़ी में अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान और अपनत्व की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम ने सांस्कृतिक विरासत, सामुदायिक सहभागिता और आपसी एकता को बढ़ावा देने के सीटी पब्लिक स्कूल के प्रयासों को दर्शाया।

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।

EDITOR : RAMESH CHANDER NAYYAR

Title Code : PUNHIN01951

Contact No : 9855559913

Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.



